आईआईएम रांची के छात्र को मिला 58.1 लाख का पैकेज

प्लेसमेंट

रांची | प्रमुख संवाददाता

भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची के एमबीए और एमबीए-एचआरएम कार्यक्रमों के सत्र 2017-19 के विद्यार्थियों का फाइनल प्लेसमेंट पूरा हो गया है। इस वर्ष 244 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट हुआ है। इनमें एमबीए के 181 और एमबीए एचआरएम के 63 विद्यार्थी शामिल हैं।

इस बार 100 से अधिक कंपनियां आईआईएम में प्लेसमेंट के लिए आईं। इन कंपनियों में बिक्री और विपणन, वित्त, संचालन और सामान्य प्रबंधन, सूचना प्रौद्योगिकी और विश्लेषिकी, रणनीति और परामर्श और मानव संसाधन प्रबंधन के क्षेत्रों में विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ है।

चयनित विद्यार्थियों को बढ़िया पैकेज मिला है। एमबीए के विद्यार्थियों को दिया जानेवाला औसत वेतन 14.88 लाख रुपए प्रति वर्ष है। वहीं, इस बैच के लिए सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय वेतन 58.1 लाख रुपए प्रति वर्ष है। जबकि, एमबीए-एंचआरएम बैच के लिए औसत वेतन 14.52 लाख रुपए प्रति वर्ष है।

सर्वाधिक प्लेसमेंट सेल्स एंड मार्केटिंग में : एमबीए के विद्यार्थियों को सर्वाधिक अवसर बिक्री और विपणन में मिले हैं। इसमें 32 प्रतिशत विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ है।

इसके अलावा सूचना प्रौद्योगिकी और विश्लेषिकी में 22 प्रतिशत, वित्त में 20 प्रतिशत, रणनीति और परामर्श में 14 प्रतिशत व संचालन और सामान्य प्रबंधन में 12 प्रतिशत विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ है।

यह हैं प्रमुख ब्रांड, जो प्लेसमेंट के लिए आए : इस वर्ष में एक्सेंचर, बर्जर पेंट्स, बॉश, कैपजेमिनी, कॉग्निजेंट, डीएस ग्रुप, इमामी, गेल, गूगल, आईसीआईसीआई, आईबीएम, एचपी, जेपी मॉर्गन चेस, एलएंडटी, ओएनजीसी, आरपीजी, सैमसंग आरएंडडी, सोनी, टाटा स्टील, यस बैंक जैसे कई प्रमुख ब्रांड प्लेसमेंट के लिए आए।

इन कंपनियों ने आईआईएम के विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में नए प्रोफाइल दिए। वहीं, आनंद राठी, अर्नस्ट एंड यंग, फ्लिपकार्ट, पीपुल्स स्ट्रॉन्ग, क्विकर, रेमंड और यात्रा जैसी कई अन्य कंपनियां पहली बार संस्थान में आईं।

100 कंपनियां आईं

- सत्र 2017-19 के एमबीए व एचआरएम के 244 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट
- एमबीए एचआरएम के 63,एमबीए के 181, विद्यार्थियों का चयन
- बीते सत्र में 100 से अधिक कंपनियां आईआईएम में प्लेसमेंट को आईं

Hindustan, 04.04.2019, Pg. 18